LIBRARY

School of Planning And Architecture ,Bhopal

S.No.22 (July 2024)

दैनिक भास्कर (e - न्यूज़) पेज न .08 13/08/2024

दैनिक भास्कर भोपाल 13-08-2024

प्रबुद्धजनों ने लिखा पत्र

बड़े तालाब को जैव विविधता विरासत घोषित करने की मांग

भोपाल | शहर के प्रबुद्ध और वरिष्ठ लोगों की ओर से भोपाल की पहचान बड़े तालाब यानी भोज वेटलैंड को बायो डायवर्सिटी हेरिटेज घोषित करने की मांग उठाई गई है। शहर के सात वरिष्ठ नागरिकों ने राज्य शासन समेत बायो डायवर्सिटी बोर्ड को पत्र लिखकर इंदौर की सिरपुरकर तालाब की तरह ही भोपाल के बड़े तालाब को जैव विविधता विरासत स्थल घोषित करने की मांग की है।

पत्र लिखने वालों में नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट एंड एनवायरोमेंट के के महानिदेशक डॉ. प्रदीप नंदी, द नेचर वालंटियर के उपाध्यक्ष अभिलाष खांडेकर, रिटायर्ड आईएफएस आर. श्रीनिवास मूर्ति, बीयू के बायोसाइंस डिपार्टमेंट के प्रोफेसर विपिन व्यास, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के प्रोफेसर सौरभ, चाइल्ड राइट आब्जरवेटरी से जुड़े सनील शुक्ला, भोपाल बर्ड्स संस्था के मोहम्मद खालिक शामिल हैं।